देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 204 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
मुफ्त राशन देने की योजना



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 21 नवंबर 2023



मौसम अधिकतम 24.0° न्यूनतम 13.0°

65655.15

2 फिलीपींस के राष्ट्रपति की चेतावनी
7 यह सब देखना बेहद मुश्किल

# सुरंग हादसे में प्रशासन के हाथ लगी बड़ी सफलता

## सिलक्यारा टनल के अंदर छह इंच पाइप हुई आर–पार

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने का काम तेजी से चल रहा है। वही सिलक्यारा सुरंग में चल रहे रेस्क्यू अभियान में एक महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। सुरंग के अवरुद्ध हिस्से में 6 इंच की पाइपलाइन बिछाकर सेकेंडरी लाइफ लाइन बनाने के लिए की जा रही ड्रिलिंग पूर्ण कर मलवे के आर पार 53 मीटर लंबी पाइपलाइन डाल कर इसके जरिये फंसे श्रमिकों तक खाद्य सामग्री पहुचाने की तैयारी की जा रही है।

सोमवार शाम लगभग साढ़े चार बजे एनएचएआईडीसीएल के निदेशक अंशुमनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला और टनल के भीतर संचालित रेस्क्यू अभियान के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल ने मीडिया को यह जानकारी देते हुए बताया कि गत नौ दिनों से चल रहे रेस्क्यू की इस पहली कामयाबी के बाद श्रमिकों को जल्द से जल्द सुरक्षित निकालने के अहर्निश प्रयास तेजी से संचालित किए जाएंगे।

**श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित करने का बढ़ा भरोसा:** सुरंग में फंसे श्रमिकों के जीवन की रक्षा के लिए अबतक 4 इंच की पाइपलाइन ही लाइफलाइन बनी हुई थी। अब सेकेंड्री लाइफ लाइन के तौर पर छह इंच व्यास की पाइप लाइन मलवे के आरपार बिछा दिए जाने के बाद श्रमिकों तक बड़े आकार की सामग्री व खाद्य पदार्थ तथा दवाएं और अन्य जरूरी साजो सामान के साथ ही संचार के उपकरण भेजने में सहूलियत होगी। जिससे अंदर फंसे श्रमिकों के जीवन को सुरक्षित बनाये रखने का भरोसा कई गुना बढ़ा है। इस अच्छी खबर के बाद श्रमिकों और उनके परिजनों साथ ही रेस्क्यू के मोर्चों पर खुशी और उत्साह देखने को मिल रहा है और रेस्क्यू के अन्य विकल्पों को लेकर अब उम्मीदें उफान पर हैं।

इस बीच उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ. नीरज खैरवाल ने आज परियोजना व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ सुरंग का निरीक्षण कर रेस्क्यू अभियान का जायजा लिया और सेकेंडरी लाइफलाइन बनाने के काम को सफलतापूर्वक पूरा करने पर रेस्क्यू में जुटे लोगों को बधाई दी।

एनएचआईडीसीएल के निदेशक ने कहा कि डीआरडीओ ने 20 किलो और 50 किलो वजन वाले दो रोबोट भेजे हैं।



### श्रमिकों की कुशलक्षेम जानने वाले परिजनों का खर्चा सरकार उठाएगी

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने श्रमिकों के परिजनों को घटना स्थल तक आवागमन, प्रवास तथा अन्य जरूरी देखभाल का भी पूरा इंतजाम सरकार ने किया है, ताकि श्रमिकों की कुशलक्षेम जानने के लिए यहां आने वाले परिजनों को कोई कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि श्रमिकों के जो परिजन यहां आना चाह रहे हैं उनके आवागमन का व्यय उत्तराखंड सरकार वहन करेगी। इसके लिए उक्त अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आने वाले जरूरतमंद परिजनों के मोबाईल रिचार्ज से लेकर भोजन, आवास व आवागमन जैसी जरूरतमंद वाली सभी व्यवस्था की जाय।

### हाई कोर्ट तक पहुंची उत्तराखंड सुरंग हादसे की गूंज

नैनीताल। हाई कोर्ट ने उत्तरकाशी के सिलक्यारा में टनल के अंदर फंसे मजदूरों को शीघ्र बाहर निकालने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी व न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए राज्य सरकार को 48 घंटे के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 22 नवंबर की तिथि नियत की है। कोर्ट ने आपदा प्रबंधन मंत्रालय, सचिव लोक निर्माण विभाग, केंद्र सरकार, नेशनल हाइवे प्राधिकरण को भी नोटिस जारी कर जवाब पेश करने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजी से करवट बदल रहा मौसम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। नवंबर अंत की तरफ बढ़ रहा है और इसके साथ ही ठंड ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। देश के अलग–अलग हिस्सों में सोमवार को मौसम की रंगत बदली नजर आई। जम्मू–कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आज न्यूनतम तापमान शून्य से 0.8 नीचे दर्ज किया गया है। इसके अलावा धुंध की मोटी परत के चलते विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है।

### रेप मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम फिर जेल से आएगा बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह एक बार फिर जेल से बाहर आने वाला है। इस बार उसे 21 दिनों की पैरोल मिली है। मालूम हो कि 2 साध्वियों से रेप के आरोप में गुरमीत सजा काट रहा है। इससे पहले इसी साल जनवरी में डेरा प्रमुख को 40 दिन की पैरोल मिली थी। पिछले साल अक्टूबर में भी वह 40 दिनों के लिए जेल से बाहर आया था।

# परिवारवाद ही कांग्रेस के लिए है सबकुछ

## पीएम मोदी ने कांग्रेस पर लगाया तुष्टिकरण का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पाली। राजस्थान विधानसभा चुनाव को लेकर पीएम मोदी ने पाली में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस और राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इसके लिए राजस्थान में विकास को प्राथमिकता देने वाली सरकार की जरूरत है। कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। यह पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति के अलावा कुछ नहीं सोचती है। प्रधानमंत्री ने अशोक गहलोत सरकार को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ऐसी सरकार जरूरी है, जो प्रदेश के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे। दुर्भाग्य से यहां पिछले पांच साल से जो कांग्रेस सरकार रही है, उसने लोगों को विकास में और पीछे धकेल दिया। यहां की कांग्रेस सरकार के लिए भ्रष्टाचार से बड़ा कुछ भी नहीं है। यहां की कांग्रेस सरकार के लिए परिवारवाद ही सबकुछ है।

राजस्थान में पेट्रोल की बढ़ी कीमतों को लेकर च्ड मोदी ने अशोक गहलोत सरकार पर निशाना साधा। राजस्थान के पड़ोसी राज्यों हरियाणा, उत्तर प्रदेश और गुजरात में भाजपा की सरकार है। वहां पेट्रोल 97 रुपये प्रति लीटर मिलता है, लेकिन राजस्थान की कांग्रेस सरकार इन राज्यों से 12 रुपये ज्यादा महंगा पेट्रोल बेचती है।

पीएम मोदी ने अशोक गहलोत सरकार को महिला विरोधी बताया। महिला विरोधी कांग्रेस कभी महिलाओं का कल्याण और सुरक्षा नहीं कर सकती।

### दंगों और आतंकी मानसिकता वालों के हौसले बुलंद

पीएम ने आगे कहा कि राजस्थान ने बीते पांच सालों में बहुत कुछ झेला है। यहां की कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को दंगों में झोंक दिया। यहां दंगों और आतंकी मानसिकता वालों के हौसले बुलंद हो गए। सौहार्द की इस धरा पर ऐसी–ऐसी घटनाएं हुईं, जिनके बारे में कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती।

# आप तो अटका लेते हैं, दो सिख कैंडिडेट्स नहीं बनाए जज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कॉलेजियम की ओर से दो सिख वकीलों को हाई कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश पर केंद्र सरकार की मंजूरी न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीखी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि आखिर इस तरह सरकार ट्रांसफर और नियुक्ति के मामलों में कुछ नामों को चुनती है और कुछ को छोड़ क्यों देती है। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में वकीलों हरमीत सिंह ग्रेवाल और दीपेंदर सिंह नलवा को जज बनाए जाने की सिफारिश की गई थी। इसी का जिक्र करते हुए जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सवाल उठाया।

बेंच ने कहा, जिन दो उम्मीदवारों के नाम मंजूर नहीं किए गए, वे दोनों सिख हैं। ऐसा क्यों हो रहा है? ग्रेवाल और नलवा के नामों की सिफारिश सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 17 अक्टूबर को की थी। उनके अलावा तीन और वकीलों के नाम मंजूर किए गए थे। उन तीन के नामों पर तो केंद्र सरकार की मुहर लग गई थी, लेकिन दो के नाम अब भी अटके हैं। अब शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार की पिक एंड चूज की नीति पर सवाल उठाए हैं। अदालत ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमानी को संबोधित करते हुए कहा, अटॉर्नी, इससे अच्छा इंप्रेशन नहीं जाता। आप इस तरह से ट्रांसफर और पोस्टिंग को पिक एंड चूज नहीं कर सकते। आप इससे क्या संदेश देना चाहते हैं।

### टिप्पणी

■कॉलेजियम पर फिर केंद्र पर तल्ख सुप्रीम कोर्ट

### अब भी 6 नाम अटका रखे

अदालत ने कहा कि कॉलेजियम ने कुल 11 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश की थी। इनमें से 5 को ही मंजूरी मिल पाई है, अब भी 6 नाम अटका रखे हैं। सरकार ने 8 नियुक्तियों पर भी कोई फैसला नहीं लिया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# आपकी सरकार फेल, आदेश के बाद भी जली पराली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई शहरों में भीषण प्रदूषण के बीच पराली जलाने पर पंजाब सरकार की एनजीटी ने भी खिंचाई की है। नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने सोमवार को कहा कि जब पराली जलाने पर रोक का आदेश दिया गया था, तब भी ऐसा क्यों हुआ। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पराली जलाने के मामलों पर तुरंत रोक लगनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो फिर स्थानीय थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी होगी। यही नहीं उन्होंने पंजाब समेत यूपी, राजस्थान, हरियाणा जैसे राज्यों के मुख्य सचिवों से भी कहा था कि वे आदेश के पालन को तय करें।

### पंजाब को एनजीटी ने पलूशन पर खूब सुनाया

नेशनल ग्रीन ट्राइब्यूनल ने पंजाब सरकार की ओर से पराली जलने पर रोक को लेकर जरूरी कदम न उठाने पर भी सवाल उठाए। एनजीटी ने कहा कि यह तो पूरी तरह से प्रशासनिक असफलता का मामला है। एनजीटी की बेंच ने कहा कि यह पूरी तरह से प्रशासनिक असफलता है। आपका पूरा प्रशासन काम पर लगा है और फिर भी आप फेल हैं।

## न्यूज डायरी



### चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच फिलीपींस के राष्ट्रपति की चेतावनी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** होनोलूलू। दक्षिण चीन सागर में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। बता दें कि पहले ही कई देश इस क्षेत्र पर अपना दावा करते आ रहे है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने दावा किया है कि चीन ने एटोल और शोल तट के लिए अपनी रुचि दिखाई है, जो कि फिलीपींस के तट के बेहद करीब है। इससे स्थिति सुधरने के बजाय और खराब होती जा रही है। सैन फ्रांसिस्को में एक क्षेत्रीय शिखर बैठक से लौटते हुए फिलीपींस के राष्ट्रपति ने अमेरिकी सैन्य नेताओं और स्थानीय फिलिपिनो समुदाय से मुलाकात की। इस यात्रा का मार्कोस जूनियर को भू–राजनीतिक और व्यक्तिगत महत्व दोनों हासिल हुआ है। उनकी यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका और फिलीपींस अपने लंबे समय से चले आ रहे गठबंधन को मजबूत कर रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता आ रहा है। वहीं, फिलीपींस और चार अन्य सरकारों के दावों को स्वीकार करने से इनकार करता है। समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के तहत चीन के व्यापक ऐतिहासिक दावों को अमान्य करने के बावजूद बीजिंग ने इस मध्यस्थता को पूरी तरह से मानने से खारिज कर दिया। चीन के साथ चल रही तनातनी के बीच मार्कोस ने दोहराया कि उनका देश झुकेगा नहीं। उन्होंने अपने भाषण में कहा, फिलीपींस हमारे क्षेत्र का एक भी इंच किसी विदेशी ताकत को नहीं देगा।

### गाजा से निकाले गए 100 से ज्यादा विस्थापित आज पहुंचेंगे तुर्की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अंकारा। इजरायल और हमास के बीच लगातार युद्ध चल रहा है। इस दौरान गाजा से निकाले गए 100 से भी ज्यादा विस्थापित सोमवार को तुर्की पहुंचने वाले हैं। तुर्की के स्वास्थ्य मंत्री और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इसमें दर्जनों ऐसे लोग शामिल हैं, जिन्हें तुर्की में बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन कोका ने कहा कि 49 रिश्तेदारों के साथ 61 मरीज रविवार शाम गाजा से मिस्र पहुंच गए। उन्होंने कहा कि सभी ने अल अरिश अस्पताल में रात बिताई, जिसके बाद वो सोमवार को अंकारा के लिए उड़ान भरेंगे। स्वास्थ्य मंत्री फहार्टिन ने पिछले हफ्ते कहा था कि हम गाजा से लगभग 1,000 कैंसर रोगियों में से ज्यादा से ज्यादा को तुर्की लाना चाहता हैं। वहीं, पिछले गुरुवार को गाजा से अंकारा में 27 मरीज आए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ओन्कू केसेली ने कहा कि इसके अलावा अलग से 87 लोगों का एक ग्रुप रविवार को गाजा से मिस्र पहुंचा। यह ग्रुप सोमवार देर रात इस्तांबुल के लिए उड़ान भरने वाला था। उन्होंने बताया कि इस ग्रुप में तुर्क, तुर्की साइप्रस और उनके रिश्तेदार शामिल थे।

### इजरायल को लड़ाई में मिली सफलता पर उठाया सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खुमैनी ने कहा है कि गाजा पट्टी में इजरायल को हमास के खिलाफ लड़ाई में हार मिल रही है। इजरायली सेना अस्पतालों, स्कूलों और आम लोगों के घरों पर हमले करके इन पर कब्जा कर रही है। इस तरह के कब्जों को कोई भी जीत नहीं कह सकता है, जीत का मतलब दूसरे पक्ष को हराना है। इसमें इजरायल नाकाम रहा है यानी वह हार गया है। खुमैनी ने ईरान की राजधानी तेहरान में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स एयरोस्पेस फोर्स सेंटर में एक भाषण में ये बात कही है। खुमैनी ने कहा है कि इजरायली सेना गाजा में आतंकी गतिविधि चला रही है। उसने आवासीय भवनों और अस्पतालों और बुनियादी ढांचे को तबाह करने पर अपना ध्यान लगा रखा है। गाजा पर भारी बमबारी के बावजूद हमास को नष्ट करने के अपने घोषित लक्ष्य को हासिल करने में इजरायल अब तक विफल रहा है। ये इजरायल के साथ में अमेरिका और उसके समर्थक दूसरे पश्चिम देशों की हार को भी साफ–साफ दिखाता है। खुमैनी ने कहा कि इजराइल ने गाजा पट्टी में हजारों मासूम बच्चों को मार डाला है, जिसका उसे कोई पश्चाताप नहीं है। इसकी वजह ये है कि इजरायली खुद को एक श्रेष्ठ जाति मानते हैं। वो दूसरों की जिंदगी को अहमियत नहीं देते हैं।

# इजरायल और अमेरिका के लिए नासूर बने हूती

**झटका**

## लाल सागर से अगवा कर ले गए भारत आ रहा जहाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



तेल अवीव। यमन के हूती विद्रोहियों ने कुछ समय पहले हमास को समर्थन देने का ऐलान करते हुए इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोलने की बात कही थी। इसके बाद उसने इजरायली सेना को निशाना बनाते हुए मिसाइल और रॉकेट हमले भी किए लेकिन हूतियों ने इजरायल ही नहीं दुनियाभर को चौंकाते हुए लाल सागर में गैलेक्सी लीडर नाम के जहाज को अगवा कर लिया। इजरायल से जुड़ा ये जहाज तुर्की से भारत आ रहा था। इस घटना से सबकी निगाहें हूतियों की ओर घूम गई हैं। इस बात का भी अंदेशा जताया जाने लगा है कि आने वाले समय में हूतियों की ओर से इस तरह की कुछ और घटनाओं को भी अंजाम दिया जा सकता है।

हूती विद्रोहियों ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि उन्होंने समुद्र से इजरायली जहाज का अपहरण कर लिया है। जहाज में सवार लोगों को उन्होंने नुकसान नहीं पहुंचाया है। जहाज में सवार लोगों के साथ वह इस्लामिक मूल्यों के अनुसार बर्ताव कर रहे हैं। इस जहाज को हालांकि ब्रिटिश कंपनी का बताया जा रहा है लेकिन हूती इसे इजरायली जहाज कह रहे हैं। बीच समुद्र से जहाज का अपरहण करने के बाद ये सवाल भी उठ रहा है कि इस समूह ने ऐसा क्यों किया और ये इजरायल के लिए कितना बड़ा खतरा है।

ईरान से समर्थन पाने वाले हूती संगठन का जन्म यमन 1980 और 1990 के दशक में हुए हूती आंदोलन से हुआ। हूती विद्रोही परिवार ने शिया इस्लाम के जायदी संप्रदाय के समर्थन से आंदोलन शुरू किया। हूतियों ने कभी यमन पर शासन किया था लेकिन समय के साथ अपनी संपत्ति खो दी और हाशिए पर चले गए। हूतियों का यमन सरकार के साथ टकराव हुआ और यमन में एक लंबी लड़ाई शुरू हो गई। अपनी सरकार के साथ–साथ सऊदी अरब के साथ भी हूतियों का सीमा पर टकराव हो चुका है।

हूतियों का यह ग्रुप यमन के उत्तरी क्षेत्र में शिया मुस्लिमों का सबसे बड़ा आदिवासी संगठन है। हूतियों ने 2004 से 2010 तक यमन की सालेह सरकार की सेना से छह बार युद्ध किया। साल 2011 में अरब देशों के हस्तक्षेप के बाद यह युद्ध शांत हुआ। इन सभी देशों की साझा सेनाओं को भी हूतियों ने लंबे समय तक छकाया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक हूती विद्रोहियों के पास करीब 2 लाख की सेना है। जिनके पास रॉकेट और छोटी मिसाइल जैसे हथियार हैं।

हूतियों ने लाल सागर से मालवाहक जहाज को इसलिए अगवा किया है क्योंकि उनको लगा कि ये इजरायल का है। दरअसल जहाज के मालिकों को रे कार कैरियर्स नामक कंपनी से जोड़ा गया है। इस कंपनी की स्थापना इजरायल के बड़े कारोबारी अब्राहम रामी उंगर ने की है। कंपनी के नाम से हूतियों को लगा कि ये जहाज इजरायल का है। इजरायल पीएम नेतन्याहू के कार्यालय ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि जहाज का स्वामित्व एक ब्रिटिश कंपनी के पास है और इसे जापानियों द्वारा संचालित किया जाता है।

## पाकिस्तान की सरकार हमारे प्रति पक्षपाती रवैया अपना रही है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने उन आरोपों को खारिज कर दिया है कि उनकी सरकार कुछ राजनीतिक दलों के प्रति पक्षपाती रवैया अपनाती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में आम चुनाव कराना और निर्वाचित सरकार को जिम्मेदारियां सौंपना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

दरअसल, पाकिस्तान में आगामी आम चुनाव में पारदर्शिता को लेकर दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियों ने चिंता जताई है। इसपर पीएम काकर ने कहा कि पीड़ित कार्ड खेलना किसी भी राजनीतिक दल की कहानी हो सकती है। बता दें कि पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग ने देश में आम चुनाव 8 फरवरी, 2024 को कराने की घोषणा की है। देश में आम चुनाव की तारीखों के करीब आने के साथ ही पूर्व पीएम इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ और पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी के नेतृत्व वाली पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी बार–बार शिकायत कर रहे हैं कि उन्हें चुनावी मैदान में कई स्तरों पर वंचित किया जा रहा है। पाकिस्तान की दोनों बड़ी पार्टियों ने आरोप लगाया कि कार्यवाहक काकर सरकार पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज पार्टी को तरजीह दे रही है।



मिस यूनिवर्स 2023 का खिताब जीतने वालीं शेन्निस पलासियोस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** सैन सैल्वाडोर। अल साल्वाडोर की राजधानी सैन साल्वाडोर में हुए ब्यूटी पेजेंट प्रतियोगिता में निकारागुआ की शेन्निस पलासियोस को साल 2023 की मिस यूनिवर्स चुना गया है। शेन्निस पलासियोस को मिस यूनिवर्स का खिताब मिला और थाईलैंड की एन्टोनिया पोर्सिल्ड प्रतियोगिता की उपविजेता रहीं। पलासियोस मिस यूनिवर्स बनने के साथ ही निकारागुआ की ऐसी पहली महिला बन गईं, जिन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है। इस साल की मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में 84 देशों की मॉडल हिस्सा ले रही थीं। शेन्निस पलासियोस ने आखिरी दौर में एक सवाल से सबका दिल जीता और जीत पक्की कर ली।

# इजरायली सेना ने हमास के काले कारनामे का किया पर्दाफाश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इजरायल और हमास में महीने भर से ज्यादा चल रही जंग अब निर्णायक मोड़ पर है। इजरायली सेना अब गाजा में हमास के खात्मे के लिए जमीनी कार्रवाई कर रही है। इस बीच, गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल–शिफा में इजरायली सेना अपना जांच अभियान चला रही है, जहां से वो कई बड़े खुलासे भी कर रही है।

इजरायली सेना ने फुटेज जारी कर दावा किया है कि दक्षिणी इजरायल में हमास आतंकवादियों के अचानक हमले के दौरान इजरायली लोगों का अपहरण कर 7 अक्टूबर को बंधकों को गाजा शहर के अल–शिफा अस्पताल में

**अल–शिफा अस्पताल के अंदर बंधकों का वीडियो आया सामने**

लाया गया था।

सेना द्वारा जारी वीडियो क्लिप में 7 अक्टूबर सुबह 10 बजकर 53 मिनट का दिख रहा है। इसमें शॉर्ट्स और हल्के नीले रंग की शर्ट पहने एक व्यक्ति को अस्पताल में पांच लोग घसीटते हुए दिख रहे हैं, जिनमें से तीन हथियारबंद हैं। इजराइली सेना ने दावा किया कि हमास आतंकियों ने बंधकों को अस्पताल में छुपाकर रखा था, जिनपर हमले भी किए गए।

आईडीएफ ने कहा कि इससे ये निष्कर्ष निकलता है कि हमास आतंकवादी संगठन ने 7 अक्टूबर के नरसंहार के दिन शिफा अस्पताल का इस्तेमाल आतंकवादी बुनियादी ढांचे के रूप में किया था और इसे एक कमांड सेंटर बना रखा है। दूसरी ओर हमास और मेडिकल स्टाफ ने इस बात से इनकार किया कि अस्पताल के अंदर कोई कमांड सेंटर है।

सीसीटीवी फुटेज उस सुबह का है जब हमास के बंदूकधारियों ने दक्षिणी इजराइल पर हमला करना शुरू कर दिया था, जिसमें लगभग 1,200 लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, इसके बाद से इजरायल हमास पर ताबड़तोड़ हमले कर रहा है। इजराइल द्वारा गाजा पर हवा और जमीन पर हमले किए जा रहे हैं, जिससे फलस्तीन के 13,000 लोग मारे गए हैं।

### यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बढ़ती मौतों पर जताई चिंता


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इजरायल–हमास युद्ध के बीच गाजा में बढ़ती मौतों को लेकर चिंता जताई। साथ ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने गाजा में मानवीय युद्धविराम की अपील की। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के एक बयान के हवाले से कहा कि इस युद्ध में हर दिन महिलाओं और बच्चों सहित कई नागरिकों की मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि गाजा में यह सब बंद होना चाहिए। मैं तत्काल मानवीय युद्धविराम का आह्वान करता हूं। यूएन महासचिव ने गाजा के हालातों पर चिंता जताते हुए कहा कि गाजा में 24 घंटे से भी कम समय में संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित शरणार्थियों के कैंप पर हमला किया गया। इस हमले में दर्जनों लोग मारे गए, जिनमें कई महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध तेज होने के कारण हजारों फलस्तीनी नागरिकों ने गाजा में संयुक्त राष्ट्र द्वारा बनाए गए कैंप में शरण ले रखी है।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# विकास की मुख्यधारा से जोड़ेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**संकल्प यात्रा**

## मुख्य विकास अधिकारी ने की अधिकारियों के साथ तैयारियों के संबंध में बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने एवं उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को सफल बनाने के लिए इसका जनपद में व्यापक प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अपनी–अपनी जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए सभी लोगों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जनपद में 23 नवंबर से 12 दिसंबर तक जनपद के 155 स्थानों में 08 मोबाइल जागरूकता वाहनों द्वारा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध



कराई जाएगी जिसके लिए सभी वाहनों के लिए नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं तथा सभी वाहनों का रूट चार्ट भी तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी जन प्रतिनिधियों को भी इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा चिन्हित स्थानों में संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न योजनाओं से पात्र लाभार्थियों की मेरी कहानी, मेरी जुबानी कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाए तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। संकल्प यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें तथा आयोजित कार्यक्रमों का पूर्ण विवरण तैयार करते हुए पोर्टल पर भी अपलोड करने के निर्देश दिए। जनपद में तीनों ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी अपने ब्लॉकों के नोडल होंगे। संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सभी विभाग अपनी–अपनी संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार करेंगे जिसमें उद्योग, खाद्य, चिकित्सा, ग्राम्य विकास, कृषि, पंचायतीराज, पेयजल समेत अन्य विभागों से जुड़ी तमाम योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। जिले की 336 ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों एवं रुद्रप्रयाग नगर पालिका में वैन चलाई जाएगी।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मार्तोलिया, परियोजना निदेशक विमल कुमार, जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, अग्रणी बैंक प्रबंधक चतर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार डोभाल, युवा कल्याण अधिकारी शरत सिंह भंडारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में आयोजित जनता मिलन/जन संवाद कार्यक्रम में मयकोटी प्रधान अमित प्रदाली ने पोखरी–रुद्रप्रयाग मोटर पर पुस्ता निर्माण सहित बर्सिल मोटर मार्ग में डामरीकरण तथा मयकोटी–बुधाणी मोटर मार्ग की सुधारीकरण के संबंध में अतिशीघ्र कार्यवाही करने की मांग की। जवाड़ी निवासी देवी प्रसाद, शिशुपाल सिंह, विजय सिंह व प्रदीप सिंह ने जल जीवन मिशन के तहत लाभान्वित न होने की शिकायत दर्ज की। जन संवाद/जनता मिलन कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आम जनता की जो भी समस्याएं एवं शिकायतें जनता मिलन कार्यक्रम में प्राप्त हो रही हैं उन पर सभी अधिकारी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ समस्या का निदान करना सुनिश्चित करें। जिन आवेदन पत्रों पर स्थलीय निरीक्षण किया जाना है उन पर तत्काल निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

### इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को 150 मिलियन रुपये का एडवांस ऑर्डर प्राप्त हुआ

**संवाददाता** देहरादून। लाइफ एसेंशियल्स के व्यवसाय में लगी एक प्रमुख कंपनी, इंटेग्रा एसेंशिया लिमिटेड को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसके एग्रो बिजनेस को भारत के प्रमुख व्यापारिक घरानों में से एक मेसर्स सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड, और इसकी मटेरियल सब्सिडरी मेसर्स हिमालयन बायो ऑर्गेनिक फूड्स लिमिटेड (सर्वेश्वर समूह) से 150 मिलियन रुपये से अधिक के अग्रिम ऑर्डर मिले हैं। कंपनी अपने अधिकांश ग्राहकों के साथ लॉन्ग–टर्म अंडरस्टेंडिंग विकसित करके सर्वेश्वर समूह को, जो आईएसओ 22000:2018 और यूएसएफडीए सर्टिफाइड कंपनी है।

### अमेजॅन पर हिमालयन ओरिजिन्स की सतत सफलता की कहानी

**संवाददाता** देहरादून। ई–कॉमर्स ने महिला उद्यमियों को नए पंख दिए हैं, जिससे वे सांस्कृतिक और सामाजिक बाधाओं को दूर करने और अपनी आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में सक्षम हुई हैं। ई–कॉमर्स द्वारा प्रदान किया गया लचीलापन विशेष रूप से देखभाल की जिम्मेदारियां संभालने वाली या सीमित रोजगार अवसरों वाले क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं के लिए फायदेमंद है। जैसा कि हम महिला उद्यमी दिवस मनाते हैं, यहां नेहा परमार और उनकी बहन सौम्या परमार की एक प्रेरक कहानी है, जिन्होंने अमेजॅन के माध्यम से हिमालय के शांत परिदृश्य के बीच एक संपन्न उद्यम बनाया। हिमालयन ऑरिजिन्स पारंपरिक सौंदर्य उत्पादों से आगे बढ़कर सामाजिक उद्यमिता के सार को मूर्त रूप देते हुए प्राकृतिक और टिकाऊ वस्तुओं की वकालत करता है।

# उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर चलती स्कूटी में लगी आग, जिंदा जली युवती

**संवाददाता** टिहरी। उत्तराखंड के टिहरी में सोमवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। नगुण भवान उत्तरकाशी मोटर मार्ग पर चलती स्कूटी में अचानक भीषण आग लग गई। इस दौरान हादसे में जिंदा जलकर युवती की मौत हो गई। मृतक युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

थत्यूड़ थानाध्यक्ष शांति प्रसाद चमोली ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े 11 बजे की है। दानगल्ला के पास एक स्कूटी में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस और 108 सेवा की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक युवती की जलकर मौत हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि स्कूटी संख्या यूके 07 डीबी–8771 भवान की तरह जा रही थी। जहां पर स्कूटी में आग लगी वहां पर कोई बस्ती नहीं है। स्कूटी भी पूरी तरह से जल चुकी है। बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे पर जाम लगाकर प्रशासन–पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। पूरी घटना के बाद से लोग आत्महत्या या हादसे के बीच उलझ कर रह गए हैं। गांव वालों का कहना है कि जवान लड़की ने आत्महत्या करने के इरादे से खुद को पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली। जबकि कुछ ग्रामीण इस पूरे मामले पर कुछ भी नहीं कह पा रहे हैं। ग्रामीणों की बात मानें तो यह दर्दनाक हादसा होने से पहले जवान लड़की ने नजदीकि दुकान से माचिस भी खरीदी थी। कुछ दूरी का सफर तय करने के बाद लोगों ने स्कूटी और लड़की को जलते हुए देखा।



## जनपद में 30 नवंबर को होगी इन्वेस्टर समिट

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। राज्य के आर्थिक विकास, निवेश प्रोत्साहन और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चल रहे अभियान को जनपद स्तर पर भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य के सभी जनपदों में निवेश एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सभी जनपदों में जनपद स्तरीय इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन में एक बैठक आहूत की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देशित किया कि इन्वेस्टर समिट से जुड़ी सभी तैयारियां अभी से पूरी कर ली जाएं। जनपद में निवेश करने के इच्छुक सभी लोगों से संपर्क कर इस कार्यक्रम में उन्हें शामिल किया जाए।

# दशोली और नंदानगर ब्लाक में जल संयोजन के कार्य हुए पूर्ण

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने सोमवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजनाओं का योजनाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने निर्देशित किया कि योजना के तहत संचालित कार्यों को मिशन मोड में पूरा किया जाए। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए शत प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य शीघ्र पूरा करें। वन क्षेत्रों में स्वीकृत योजनाओं के निर्माण हेतु

### डीएम ने की संचालित कार्यों की समीक्षा

वन विभाग से समन्वय बनाकर तत्काल कार्य प्रारंभ करें। हर घर जल ग्रामों का मिशन मोड में सत्यापन पूरा किया जाए। जल जीवन मिशन में ब्लाक दशोली और नंदानगर (घाट) में एफएचटीसी का शत प्रतिशत कार्य पूर्ण होने पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को योजना के अवशेष कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी डिवीजनों के अन्तर्गत संचालित कार्यों की गहनता से समीक्षा की गई।

जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने अवगत कराया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत में विकासखंड दशोली और नंदानगर (घाट) में शत प्रतिशत जल संयोजन का कार्य पूरा हो चुका है। जनपद में 76502 घरेलू जल संयोजन के सापेक्ष अभी तक 75083 घरेलू जल संयोजन किए जा चुके है और 98.15 प्रतिशत एफएचटीसी का कार्य पूरा कर लिया गया है। अवशेष 1419 घरेलू संयोजन का कार्य प्रगति पर है। पेयजल योजनाओं के पुर्नगठन एवं जल स्रोतों के सुधारीकरण हेतु दो करोड़ से कम लागत की 536 स्वीकृत आंगणन में से 517 के टेंडर हो चुके है, जिसमें से 353 कार्य प्रगति पर तथा 164 कार्य पूर्ण कर लिए गए है तथा 19 योजनाएं टेंडर प्रक्रिया में है। द्वितीय चरण की सभी योजनाओं को आगामी मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

## जिले के निरक्षरों को साक्षर बनाने के निर्देश

**संवाददाता** चमोली। जिला प्रशासन की जनपद चमोली में संचालित समर्थ गांव योजना के द्वितीय चरण की संचालन को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शिक्षा व महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सकारात्मकता के साथ योजना का संचालन कर जिले के निरक्षरों को साक्षर बनाने के निर्देश दिए। योजना के पहले चरण में ज्ञानमित्रों की ओर से किए कार्यों पर जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान समर्थ गांव योजना के जिला समन्वयक हेम चंद्र ने बताया कि जनपद में संचालित योजना में 2254 निरक्षर व्यक्तियों की पहचान की गई है। जिन्हें साक्षर करने के लिए सात हजार से अधिक ज्ञानमित्रों के सहयोग से योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के तहत जहां चिन्हित लोगों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई है।





# मुफ्त राशन देने की योजना

**कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। मगर 2023 की एक जनवरी से इसे फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया।**

अनुज सनवाल।।

मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह ऐलान महत्वपूर्ण था कि गरीबों को मुफ्त राशन देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना अगले पांच साल तक जारी रहेगी। जैसा कि खुद प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में भी याद दिलाया कि यह योजना कोविड–19 महामारी से उपजे चुनौतीपूर्ण हालात के मद्देनजर शुरू की गई थी। उस वक्त सख्त लॉकडाउन के कारण न केवल बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका छिन गई थी बल्कि उनके लिए नया काम ढूंढने या शुरू करने लायक हालात भी नहीं थे। ऐसे में यह संकट खड़ा हो गया था कि करोड़ों लोगों के घर में सुबह शाम चूल्हा कैसे जलेगा और वे अपने परिवार के लिए खाने का बंदोबस्त कैसे करेंगे। जाहिर है, उस स्थिति में दूरगामी नतीजों की चिंता किए बगैर नागरिकों को जीवन रक्षा के साधन मुहैया कराना सरकार के लिए पहली प्राथमिकता हो गई थी। तमाम राजनीतिक दल ही नहीं, इकॉनमिक एक्सपर्ट्स भी तब उस तरह की नीति की वकालत कर रहे थे। हालांकि सीमित रूप में जरूरतमंदों को आसानी से भोजन उपलब्ध कराने की सरकारी योजनाएं पहले भी चल रही थीं कि लेकिन इस योजना की बदौलत लोगों को मिलने वाला राशन दोगुना हो गया था।



इस मायने में योजना को पूरी तरह सफल भी कहा जा सकता है कि कोरोना महामारी की पहली, दूसरी और तीसरी लहरों के बीच भी देश के किसी हिस्से में भुखमरी के हालात बनने की खबरें नहीं आईं। बाद में जैसे–जैसे स्थितियां सुधरीं और कामकाज सामान्य रूप लेने लगा, इस योजना को जारी रखने की जरूरत पर भी सवाल उठने लगे। कहा जाने लगा कि लोगों को मुफ्त अनाज सप्लाई करने के बदले सरकार का जोर अब उन्हें रोजगार के अच्छे मौके उपलब्ध कराने पर होना चाहिए। मगर 2023 की एक जनवरी से इसे फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। उस फैसले के मुताबिक इस साल दिसंबर में यह योजना अपने आप समाप्त हो जाने वाली थी। लेकिन प्रधानमंत्री की ताजा घोषणा से तय हो गया कि गरीबों को मुफ्त राशन देने की यह योजना हाल फिलहाल समाप्त होने वाली नहीं है। ध्यान रहे, सरकार के ही मुताबिक इस एक साल के दौरान इस योजना के कारण उसका फूड सब्सिडी खर्च 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बैठा है। और, पीएम ने यह योजना एक साल के लिए नहीं बल्कि पांच साल के लिए बढ़ाने की घोषणा की है। तो सवाल उठता है कि जब कोविड–19 महामारी समाप्त हो चुकी है, इकॉनमी उस चुनौती से उबर चुकी है और देश विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ने लगा है तब भी देश की करीब 60 फीसदी आबादी को अगर मुफ्त भोजन देने की जरूरत पड़ रही है तो क्या इसे सरकारी नीतियों की सही दिशा का संकेत माना जा सकता है?

## अनुष्ठान

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** एक बार देवताओं और दानवों में युद्ध हुआ जब जलंधर युद्ध पर जाने लगे तो वृंदा ने कहा –स्वामी आप युद्ध पर जा रहे हैं आप जब तक युद्ध में रहेगें में पूजा में बैठकर आपकी जीत के लिए अनुष्ठान करुंगी,और जब तक आप वापस नहीं आ जाते मैं अपना संकल्प नही छोडूगीं। जलंधर तो युद्ध में चले गए और वृंदा व्रत का संकल्प लेकर पूजा में बैठ गई।उसकी इस सच्ची निष्ठा वाले पूजा अनुष्ठान और संकल्प की वजह से जलंधर इतना ताकतवर हो गया था या फिर ऐसा कह लो की वृन्दा की पूजा जलंधर की रक्षाकवच बन कर रक्षा कर रही थी, जिस वजह से देवता उस से जीत नही पा रहे थे, सारे देवता जब हारने लगे तो सब देवता भगवान विष्णु जी के पास गए। तुलसी का इतिहास पौराणिक कथाओ से जुड़ा है, पौराणिक काल में एक लड़की थी जिसका नाम वृंदा था। उसका जन्म राक्षस कुल में हुआ था।

## संपादकीय

### बनी रहेगी रफ्तार

भारत की जीडीपी ग्रोथ के बारे में जितने अनुमान लगाए जा रहे हैं, उन सभी से एक बात तो साफ है कि यह न केवल इस साल बल्कि अगले साल भी अपनी रफ्तार बनाए रखेगी। एस–पी ग्लोबल का तो यहां तक कहना है कि जिस तेजी से यह आगे बढ़ रही है उसके हिसाब से 2030 तक भारतीय इकॉनमी जापान से भी आगे निकल जाएगी। उसका कहना है कि उस समय तक यह 7 खरब डॉलर की इकॉनमी होगी। इसका आधार यह है कि भारतीय इकॉनमी तमाम बाधाओं के बावजूद दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है। भारत में इस समय मंदिरों के पुनरुद्धार की होड़ लगी हुई है और तीर्थ पर्यटन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। इन सभी में दर्शनार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है जिसका असर वहां ट्रांसपोर्ट से लेकर होटल, हस्तशिल्प वगैरह के कारोबार में साफ देखा जा रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सबसे बड़े पर्यटन स्थल गोवा से दस गुना ज्यादा पर्यटक वाराणसी आ रहे हैं। 2022 में लगभग दस करोड़ पर्यटक यहां आए। ये दर्शनार्थी गिफ्ट आइटम भी खरीदते हैं जिससे शिल्पकारों तथा कारगीगरों को धन मिलता है। इससे उनकी भी क्रय शक्ति बढ़ी है। इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 7.8 फीसदी की दर से बढ़ी, जिससे यह आशा बलवती हो रही है कि अगर कुछ अनहोनी नहीं हुई तो इसकी यह बढ़त जारी रहेगी। रफ्तार बेशक थोड़ी कम हो जाए।

खासकर पिछले एक दशक से पर्व–त्योहारों के दौरान जमकर खर्च करने की परंपरा बनती जा रही है। लोग कर्ज लेकर भी तरह–तरह के सामान खासकर गाड़ियां, कपड़े, जूलरी वगैरह खरीद रहे हैं।

# बढ़ी बिक्री

मधुरेन्द्र सिन्हा।।

पिछला बजट पेश करते हुए अपने भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि अन्य फैक्टर्स के अलावा घरेलू खपत में अच्छी बढ़ोतरी से जीडीपी में तेजी आई है। उन्होंने कुछ ऐसे उपायों की भी घोषणा की थी, जिससे देश में खपत बढ़े। खपत को बढ़ावा देना इसलिए जरूरी है कि कारखानों में उत्पादन और रोजगार बढ़े। इसके लिए सरकार समय–समय पर कदम उठाती रहती है। लेकिन घरेलू खपत को सहारा देने में त्योहारों और तीर्थ यात्राओं का बड़ा हाथ है। खासकर पिछले एक दशक से पर्व–त्योहारों के दौरान जमकर खर्च करने की परंपरा बनती जा रही है। लोग कर्ज लेकर भी तरह–तरह के सामान खासकर गाड़ियां, कपड़े, जूलरी वगैरह खरीद रहे हैं।FMCG की बिक्री में भी बढ़ोतरी आ जाती है। इस बार तो नवरात्र के दौरान मकानों की बिक्री भी बहुत वर्षों के बाद बढ़ी है, जिससे प्रॉपर्टी मार्केट में फिर से जान आ गई है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुंबई में इस नवरात्र के दौरान मकानों की बिक्री में 37.4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

पिछले साल की तुलना में इस बार कारों की बिक्री में 18 फीसदी का इजाफा हुआ। नवरात्र में अकेले मारुति सुजुकी ने एक लाख गाड़ियां बेचीं। पिछले साल धनतेरस में कुल खरीदारी



45,000 करोड़ रुपये की हुई थी, जिसमें 25,000 करोड़ रुपये जूलरी पर खर्च किए गए थे। इस बार जूलरी की बिक्री 40 फीसदी बढ़ी। हल्के जेवरों की तो जबर्दस्त मांग रही। इस साल धनतेरस में भी अच्छी बिक्री की संभावना है। जूलरी पर बढ़े टैक्स के बावजूद इसकी बहुत ज्यादा खरीदारी होने की उम्मीद जताई जा रही है।

कोविड महामारी से देश के पूरी तरह मुक्त होने के बाद यह पहला त्योहारी साल है जिसमें लोग खुलकर खरीदारी करेंगे। माहौल आशाजनक है और देश की आर्थिक स्थिति भी अच्छी है। कृषि में भी पैसा आ रहा है। नवरात्र में महंगे स्मार्टफोन की बढ़ी हुई बिक्री इसका एक संकेत है। इस बार त्योहारों के पहले चरण में ही उनकी कुल बिक्री में पिछले साल की इस अवधि की तुलना में 25 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। उम्मीद है कि दिवाली पर इसमें और भी तेजी आएगी। अनुमान है कि इस बार दिवाली और धनतेरस में सोने, वाइट गुड्स, मोबाइल जैसे सामानों की बिक्री में 30 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।

त्योहारों के अलावा शादियां भी इकॉनमी को बूस्ट कर रही हैं। अनुमान है कि शादियों के वर्तमान सीजन में 4.25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार होगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ब्।प्ज्) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने देश के प्रमुख 20 शहरों के व्यापारियों के एक सर्वे में बताया कि इन शादियों में धन का बड़ा फ्लो होगा। दिल्ली में ही लगभग एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का अनुमान है। इस दौरान रोजगार भी बड़े पैमाने पर बढ़ते हैं। जाहिर है इतनी खरीदारी का इकॉनमी पर पॉजिटिव असर पड़ेगा और उसमें तेजी आएगी। इसी तरह तीर्थ स्थानों में पहले से कई गुना बेहतर व्यवस्था और सुविधाओं के कारण वहां तीर्थयात्री न केवल बड़ी तादाद में आ रहे हैं बल्कि खर्च भी कर रहे हैं। सरकार वहां इनके लिए बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है जिससे बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार मिलेगा।

### अष्टयोग-5050

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 2 | 4 | 1 | | |
| | 33 | | 23 | | 33 | 6 |
| 3 | 7 | 6 | | | 4 | 5 |
| | 42 | | 29 | | 25 | |
| | | 5 | | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 37 | 7 | 38 | | 33 | |
| | 2 | | 4 | | | 7 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5049 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 2 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 2 | 30 | 7 | 31 | 4 | 34 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 3 | 2 | 7 | 6 |
| 5 | 28 | 6 | 31 | 6 | 39 | 3 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 5 | 7 |
| 3 | 30 | 5 | 32 | 7 | 34 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 6 | 1 | 2 | 4 |

## अपना ब्लॉग

### विकास से इकानमी को मिल रहा बढ़ावा

**मोहन।** किसी समय तिरुपति देवस्थान में भारी भीड़ देखने में आती थी लेकिन अब उन तीर्थ स्थलों में भी लाखों लोग आ रहे हैं जहां पहले कोई खास भीड़ नहीं आती थी। इसका एक बड़ा उदाहरण है वाराणसी जिसका कायाकल्प हो जाने और ऑनलाइन व्यवस्थाएं बेहतरीन होने से कई गुने ज्यादा तीर्थयात्री आने लगे हैं। ये न केवल स्थानीय इकॉनमी को बढ़ावा देने में सक्षम हुए हैं बल्कि रोजगार को भी बढ़ावा दे रहे हैं। इसी तरह उज्जैन के विकास से भी वहां इकॉनमी को बढ़ावा मिल रहा है। अगले साल जब अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा तो वहां तीर्थयात्री कितना धन खर्च करेंगे, यह आसानी से सोचा जा सकता है। वहां अभी से पांच फाइव स्टार होटलों के अलावा कई दर्जन मंझोले और छोटे होटलों ने अपने कदम रखने शुरू कर दिए हैं। यूपी सरकार चाहती है कि वहां 25,000 होटल कमरे बनें ताकि हर साल आने वाले अनुमानित चार करोड़ दर्शनार्थियों को ठहरने में कोई असुविधा न हो।





## हरकतों से बाज नहीं आ रहे ईशा और समर्थ, लोगों ने फिर सुनाई खरी–खोटी

बिग बॉस 17 में ईशा मालवीय और समर्थ जुरेल पर से चाहकर भी लोगों की नजर नहीं हट रही है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए एक नए वीडियो क्लिप में, समर्थ वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान ईशा से कुछ ज्यादा ही करीब आने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। क्लिप में, ईशा सुस्त और ऊबी हुई लग रही हैं क्योंकि वह समर्थ से किसी चीज के बारे में बात कर रही हैं। दोनों एक बेड पर बैठे हुए हैं। दोनों के मोमेंट्स को लेकर हर तरफ बातें हो रही हैं। ट्विटर पर तो लोगों ने उनकी बुरी तरह क्लास लगा दी है। क्लिप में आप देख सकते हैं कि दोनों बेहद करीब आ गए हैं, समर्थ जुरेल उनके चेहरे को किस करके भर देते हैं। वह उनके चेहरे, उसके कंधों को चूमते हैं और यहां तक कि उनकी कमर को चूमने के लिए उनकी साड़ी को थोड़ा सा सरकाते हैं। ऐसा लग रहा है कि वह उनसे अपने झगड़ों को सुलझाने के लिए कह रही हैं और समर्थ, ईशा के करीब जाकर उन्हें छूने की कोशिश कर रहे हैं। समर्थ की हरकतों से शो के फैंस हैरान रह गए। ट्विटर पर एक यूजर ने लिखा, श्टेम्पटेशन आइलैंड में भेजो इनको। एक ने कहा, इसको लस्ट स्टोरीज में भेजो। इन्होंने बिग बॉस को आशिकों का धर्मशाला बना रखा है। एक ने कहा, हे भगवान। एक ने लिखा, इस घोड़े को लड़कियों से दूर रखो।

## रेस 4 की स्क्रिप्ट फाइनल हो चुकी है और अब कास्ट तय की जानी है

बॉलीवुड की सुपरहिट फ्रैंजाइज में से एक रही श्रेसश के तीनों पार्ट्स ने बॉक्स ऑफिस पर खूब तहलका मचाया था। इस फ्रैंचाइज के थ्रिल और सस्पेंस भरे ट्विस्ट ने दर्शकों के होश उड़ा दिए थे। अब फैंस को रेस 4 का इंतजार है, और अब इसे लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है, जो प्रोड्यूसर रमेश तौरानी ने दिया है। उन्होंने 2022 में यह तो कन्फर्म कर दिया था कि रेस 4 बन रही है और इसकी स्क्रिप्ट पर काम चालू है। अब उन्होंने आगे का अपडेट दिया है। स्क्रिप्ट पर काम पूरा हो चुका है और यह फाइनल है। अब सिर्फ फिल्म की कास्ट और क्रू को फाइनल किया जाना बाकी है। मालूम हो कि श्रेसश फ्रैंचाइज की पहली फिल्म 2008 में आई थी, जिसमें सैफ अली खान, बिपाशा बसु, कटरीना कैफ, अक्षय खन्ना, अनिल कपूर और समीरा रेड्डी जैसे सितारे थे।


## अमेरिका में बसी प्रियंका चोपड़ा ने अभिषेक चौबे को बेचा मुंबई वाला घर



प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में अपना नाम बनाया है। 2018 में निक जोनस से शादी के बाद प्रियंका लॉस एंजिल्स में शिफ्ट हो गईं, जहां दोनों अपनी बेटी मालती मैरी चोपड़ा जोनस के साथ रहते हैं। हालिया खबरों के मुताबिक, हॉलीवुड में ज्यादा काम करने के दौरान, प्रियंका ने मुंबई के अंधेरी में अपने दो अपार्टमेंट डायरेक्टर और राइटर अभिषेक चौबे को बेचा है। इसके लिए उन्होंने कुल 6 करोड़ रुपये लिए हैं। प्रियंका चोपड़ा का ये घर लोखंडवाला में करण अपार्टमेंट टावर की 9वीं मंजिल पर स्थित हैं, कुल मिलाकर लगभग 2,300 वर्ग फुट में फैला हुआ है। प्रियंका की मां मधु चोपड़ा की मदद से लेन–देन 23 अक्टूबर और 25 अक्टूबर को हुआ, जिसमें कुल स्टांप शुल्क 36 लाख रुपये देकर अभिषेक चौबे ने घर अपने नाम किया। इससे पहले प्रियंका ने लोखंडवाला में एक प्रॉपर्टी को 7 करोड़ रुपये में एक डॉक्टर को बेच दिया था, जिन्होंने पहले 2021 में जगह किराए पर ली थी। एक्ट्रेस को उनके बोल्ड रोल्स और बेहतरीन पर्सनैलिटी के लिए लगातार सराहा जाता है, जिससे लोगों के दिलों में उन्होंने एक खास जगह बनाई है। उन्होंने हाल ही में निक के साथ एक दिवाली पार्टी की मेजबानी की और एक फैन पेज के शेयर किए गए फोटोज में प्रियंका, प्रीति जिंटा और उनके पति जीन गुडइनफ जैसे मेहमानों के साथ नजर आईं। प्रियंका और निक को जो और बाकी लोगों के साथ टोस्ट करते हुए भी देखा गया।

# सलमान ने बताया अगर एक्टर नहीं बन पाते तो क्या होते आज

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



इस दिवाली पर रिलीज हुई सलमान खान की फिल्म श्टाइगर 3श ने दुनिया भर में सिनेमाघरों में 300 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। बीती रात शुक्रवार को टाइगर 3 की सफलता का जश्न मनाया गया और इस मौके पर इस फिल्म के कास्ट से लेकर क्रू तक पहुंचे थे। सलमान ने इस मौके पर ढेर सारी बातें भी कहीं। सलमान ने कहा कि अगर वो एक्टिंग नहीं कर रहे होते तो वो किसान होते।

**तो किसान होता**

अपनी सफलता पर बातें करते हुए उन्होंने कहा, अगर मैं एक्टर नहीं होता तो किसान होता और चाहे जो कुछ भी होता लेकिन सक्सेसफुल जरूर होता। मनीष शर्मा निर्देशित और आदित्य चोपड़ा द्वारा प्रड्यूस इस फिल्म में शाहरुख खान और ऋतिक रौशन पठान और कबीर सिंह के कैमियो रोल में नजर आए हैं।

**मुझे एक्शन हीरो होने पर बहुत गर्व है**

सलमान ने अपनी इस फिल्म की सफलता पर कहा, मुझे एक्शन हीरो होने पर बहुत गर्व है और मैं लकी हूं कि लोगों ने मुझे कई फिल्मों में इस अवतार में पसंद किया है। लोगों को खुश करना इतना आसान नहीं है। आपको लगातार कुछ नया करना होगा और दर्शकों को कुछ नया देना होगा।श

**मैंने अब तक तीन बार सुपर-स्पाई टाइगर की भूमिका निभाई**



उन्होंने कहा, तो, मैं उस प्यार के लिए आभारी हूं जो उन्होंने मुझ पर सालों से बरसाया है और उस प्यार के लिए भी जो उन्होंने मेरी टाइगर फ्रेंचाइजी को दिया है! मैंने अब तक तीन बार सुपर–स्पाई टाइगर की भूमिका निभाई है। इसलिए, ये सराहना मेरे लिए सफलता की हैट्रिक की तरह महसूस होती है। ये एक ऐसा किरदार है जिसके लिए मैंने हर बार अपना शरीर दांव पर लगाया है। वास्तव में मैंने इसमें अपना सब कुछ दे दिया है। इसलिए, इन फिल्मों की सफलता भी मेरे लिए बहुत पर्सनल है।

# विवेक दहिया का अपनी खुद की पहचान को लेकर दर्द छलक पड़ा

*विवेक दहिया का हाल ही अपनी पहचान को लेकर दर्द छलका। उन्होंने श्झलक दिखला जा 11श में कहा कि वह एक टीवी एक्टर हैं, फिर भी लोग उन्हें दिव्यांका त्रिपाठी का पति बुलाते हैं।लेकिन अब वह अपनी पहचान साबित करना चाहते हैं। विवेक दहिया की परफॉर्मेंस ने सबका दिल जीत लिया और दिव्यांका भी भावुक हो गईं।*



पॉपुलर टीवी एक्टर विवेक दहिया इन दिनों डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 में नजर आ रहे हैं। अपनी परफॉर्मेंस से वह फैंस के साथ–साथ जजेस का भी दिल जीत रहे हैं। लेकिन विवेक दहिया के मन में एक टीस है, जिसे वह जल्द दूर कर देना चाहते हैं। विवेक दहिया ने झलक दिखला जा 11 में बताया कि वह चाहते हैं कि पत्नी दिव्यांका त्रिपाठी उन पर गर्व महसूस करें। विवेक ने कहा कि उन्हें हमेशा ही दिव्यांका त्रिपाठी का पति कहकर बुलाया गया, पर वह खुद को साबित करेंगे। मेकर्स ने झलक दिखला जा 11 का प्रोमो रिलीज किया है, जिसमें जजेस के सामने पत्नी और अपनी पहचान न होने के दर्द को बयां करते नजर आ रहे हैं। दिव्यांका त्रिपाठी पति विवेक की परफॉर्मेंस देख इमोशनल हो गईं और जज अरशद वारसी, मलाइका अरोड़ा और फराह खान ने भी उनकी तारीफ की।

**विवेक दहिया ने अपनी पहचान न होने पर कही यह बात**

विवेक दहिया प्रोमो में कहते नजर आ रहे हैं कि वह झलक दिख ला जा 11 के जरिए पत्नी दिव्यांका को गर्व महसूस करवाना चाहते हैं। वह बोले, लोग मुझे अब तक दिव्यांका के पति के रूप में जानते हैं, पर अब मैं झलक दिखला जा की जर्नी के साथ इसे बदलना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वह अपनी पहचान साबित करेंगे। विवेक दहिया ने हर किसी को नहीं मिलताश गाने पर परफॉर्म किया था, और उनकी परफॉर्मेंस ने हर किसी को हैरान कर दिया।

**विवेक दहिया-दिव्यांका की लव स्टोरी**

विवेक दहिया और दिव्यांका त्रिपाठी की पहली मुलाकात टीवी शो ये है मोहब्बतें के सेट पर हुई थी। कुछ साल एक–दूसरे को डेट करने के बाद उन्होंने शादी कर ली।

# हाथ-पैर हिलाना हो सकता है इस विटामिन की कमी



**2 अंडे देंगे 46 प्रतिशत विटामिन बी12**
अंडा खाने से ढांचा गिरने से बच सकता है। यह सुपरफूड विटामिन बी2 और बी12 का मजबूत सोर्स है। 2 साबुत अंडे खाने से दिन की लगभग 46 प्रतिशत जरूरत पूरी हो जाती है। एग योल्क में सफेद हिस्से से ज्यादा पोषण होता है, इसलिए उसे ना हटाएं।

*बैठकर या लेटकर पैर हिलाना कितनी आम आदत लगती है। मगर जिसे आम समझ रहे हैं, वो एक विटामिन की कमी हो सकती है। हो सकता है वो अपने आप हिल रहे हों और धीरे-धीरे पूरा शरीर तहस-नहस हो जाए। इससे मरीज का सीधा खड़ा होना भी मुश्किल सकता है।*

विटामिन बी12 की कमी से नर्वस सिस्टम कमजोर हो जाता है। मरीज के हाथ-पैर मर्जी के बिना हिलने लगते हैं। काम करते हुए हाथ शेक करने लगते हैं, इसे एसेंशियल ट्रेमर कहते हैं। इससे खत्म करने के लिए हाई विटामिन बी12 वाला फूड खाना चाहिए।

**विटामिन बी12 की कमी**
नर्वस सिस्टम एक बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसमें दिमाग, स्पाइनल कॉर्ड और नसों का नेटवर्क आता है। विटामिन बी कम होने पर ये सारे हिस्से कमजोर हो जाते हैं और ब्रेन सिग्नल मिलने में परेशानी होती है। एनएचएस के अनुसार इसकी कमी नर्वस सिस्टम को बदल सकती है और हाथ-पैर हिलना, चुभन, कंपकंपी, सुन्नपन, याददाश्त खराब होना, नजर कमजोर होने का कारण बनती है।

**दूध को ना आंके कम**
डेयरी प्रॉडक्ट्स लेने से प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन डी और बी12 ले सकते हैं। सिर्फ 240 उस फुल फैट मिल्क पीकर भी 46 प्रतिशत विटामिन ले सकते हैं। दूध आपकी हड्डियों में जान फूंकने का काम भी करता है।

**सैल्मन मछली ना छोड़ें**
मछली कई सारे पोषक तत्वों का भंडार है। सिर्फ 178 ग्राम सैल्मन से रोज की आवश्यकता से दोगुना विटामिन बी12 मिल जाता है। यह आपके दिमाग को तेज बनाती है और हेल्दी फैट्स से बाल, स्किन, आंख भी हेल्दी बनते हैं।

**ये संकेत भी वक्त पर पहचानें**
- मसल्स की कमजोरी
- अक्सर जी मिचलाना
- भूख मर जाना
- वजन घटना
- चिड़चिड़ा रहना
- डायरिया, धड़कन तेज होना



## हरदम गला फटा रहता है, निकलती है कर्कश अवाज? न करें इग्नोर

क्या आपके गले में भी खुजली या खराश होती है। अगर हां, तो आप अकेले नहीं हैं। ऐसे कई लोग हैं, जिन्हें बार-बार अपना गला साफ करना पड़ता है। जैसे कि कोई परफॉर्मेंस देने से पहले या फिर गले में गुदगुदी महसूस होने पर। हालांकि, यह एक बहुत ही कॉमन समस्या है, लेकिन बार-बार ऐसा हो रहा है, तो आपको ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, लोग इसे सीरियसली नहीं लेते, लेकिन लगातार गला साफ करना लैरिंजो फैरिंजीयल रिफ्लक्स (एलपीआर) का संकेत हो सकता है। यह एसिड रिफ्लक्स का ही एक प्रकार है, जो ग्लोटिस और वोकल कॉर्ड को प्रभावित करता है। इससे आवाज धीमी और कर्कश हो जाती है। बता दें कि एलपीआर में पेट का एसिड गले तक चला जाता है। जब तक इसका कोई लक्षण न दिखे, तब तक इसका निदान करना मुश्किल होता है। इसलिए इसे साइलेंट रिफ्लक्स भी कहते हैं। फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट के ईएनटी विभाग के एचओडी डॉ. अतुल कुमार मित्तल बताते हैं कि यह एक ऐसी स्थिति है, जिसका निदान बहुत जल्दी नहीं किया जा सकता। गले में ऐसी समस्या होने पर बहुत से लोग इसे कैंसर मान बैठते हैं। दरअसल, एलपीआर में पेट का एसिड वॉयस बॉक्स और गले को प्रभावित करता है। इसके लिए एसिड को ऊपरी और निचले दोनों एसोफैगल स्फिंक्टर को पास करने की जरूरत होती है।

## प्लेट में रखें ये चीजें, दिनभर बने रहेंगे शक्तिमान

क्या आपे साथ भी कभी ऐसा होता है कि पूरी रात सोने के बाद भी आपको थकान महसूस हो या थोड़ा सा काम करते ही आप थक जाते हैं। अगर ऐसा है, तो इसकी एक वजह आपका गलत खान पान भी हो सकता है। जब आप लगातार कई दिनों तक शरीर के अनुसार सही डाइट नहीं लेते हैं, तो इसका प्रभाव थकान, कमजोरी और खून की कमी जैसे लक्षणों के साथ दिखने लगता है। स्वस्थ आहार हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। एक हेल्दी डाइट वो है, जिनमें सभी तरह के पौष्टिक तत्व, विटामिन और मिनरल शामिल हो। स्वस्थ आहार हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों के लिए जरूरी है। लेकिन आजकल की मॉर्डन लाइफस्टाइल में खाने को लेकर हमारी पसंद काफी बदल गई है। जिस खराब डाइट के कारण लोगों में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, थॉराइड और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।

## काम करना बंद कर देगा आपका दिल, अगर हो गई इन चीजों की कमी



दिल यानी की ह्रदय हमारे शरीर का सबसे अहम हिस्सा है। स्वस्थ रहने के लिए हार्ट हेल्थ का बेहतर होना जरूरी है। अगर आपका दिल स्वस्थ है तो आप जिंदगी के हर पल का मजा ले सकते हैं, लेकिन अगर दिल खुश नहीं है, तो समझिए जिंदगी का हर पोल बोझिल है। ऐसे में दिल का खास ख्याल रखना जरूरी है। जिस तरह से पीछे कुछ दिनों में दिल की बीमारी बढ़ी है, उसने दिल के हेल्थ को लेकर टेंशन और बढ़ा दी है। हार्ट को हेल्दी रखने के लिए स्वस्थ खान-पान लेना बहुत जरूरी होता है। अगर आपका खान-पान ठीक है तो आप न केवल खुद को बीमारियों से बचा सकते हैं बल्कि अपने दिल को भी स्वस्थ रख सकते हैं। हेल्दी हार्ट के लिए आपको पोटेशियम, विटामिन के, मैग्नीशियम और फाइबर जैसे पोषक तत्वों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। इन पोषक तत्वों की कमी के चले दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ जाता है। आज के वक्त में केवल प्रोटीन और विटामिन पर फोकस करते हैं। अपने खाने में प्रोटीन इनटेक का खास ख्याल रखते हैं। विटामिन और मिनरल की कमी के बारे में चिंतित होते हैं, लेकिन आपको बता दें कि हेल्दी हार्ट के लिए कुछ पोषक तत्वों को डाइट में शामिल करना जरूरी है। मैग्नीशियम, पोटेशियम, ओमेगा-3 फैटी एसिड, फाइबर और कैल्शियम इनटेक को बढ़ाना जरूरी है। अगर आप अपने डाइट में मैग्नीशियम को शामिल करते हैं तो आपका ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है।

# पेट साफ नहीं है, तो कई और गंभीर समस्या होने का खतरा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



खराब लाइफस्टाइल और बढ़ते फास्ट फूड ट्रेंड के कारण हम अपनी हेल्थ के साथ समझौता कर रहे हैं। हमारे लिए हमारा काम और पैसा इतना जरूरी हो गया है, कि हम अपनी सेहत को नकारने लगे हैं। छोटी छोटी समस्याओं के लिए भी हमें दवा लेनी पड़ रही है। कुल मिलाकर अनहेल्दी लाइफस्टाइल के चलते हम मोटापे और कब्ज का शिकार हो रहे हैं। अगर आपका पेट साफ नहीं है, तो कई और गंभीर समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही आपकी दैनिक गतिविधियां भी प्रभावित हो सकती हैं। कब्ज होने से कमजोरी, पेट में दर्द उल्टी, बेचैनी और भूख न लगने जैसी लक्षण दिखाई देते हैं। हम कब्ज का उपचार तो जानते हैं, लेकिन इसके कारण की तरफ कभी हमारा ध्यान नहीं जाता। वृंदावन वाले प्रेमानंद जी महाराज ने एक वीडियो के जरिए कब्ज होने का मुख्य कारण बताया है। इसके अलावा उन्होंने इसके ऐसे उपचार बताए हैं, जिन्हें आप आसानी से अपनी दिनचर्या में ढाल सकते हैं। तो आइए जानते हैं क्यों होता है कब्ज।

**क्यों होता है कब्ज**
इस वीडियो में उन्होंने बताया है कि हमारे लिवर की भी अपनी क्षमता होती है। लेकिन जब लिवर की क्षमता से ज्यादा भोजन या कब्जियत वाला भोजन कर लिया जाए, तो कब्ज हो जाता है। उनके अनुसार, जिस तरह भजन जरूरी है, उसकी तरह रोजाना व्यायाम को भी अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।





**कब्ज के साइड इफेक्ट**
कब्ज होने पर व्यक्ति का स्वभाव चिड़चिड़ा हो सकता है। उसे हर वक्त नींद आने की समस्या रहेगी। शरीर आलसी हो जाएगा। यहां तक की गंभीर कब्ज में व्यक्ति को उठने बैठने में भी परेशानी होने लगती है।

**कब्ज का सही उपचार**
महाराज जी के अनुसार, रोजाना 10 मिनट व्यायाम करें। क्योंकि शरीर के अंगों में हलचल चाहिए। दिनभर में एक बार पसीना आना चाहिए। नियमित रूप से 2 से 3 किमी पैदल चलें। चाहें तो ट्रेडमिल का सहारा ले सकते हैं। आपका चेहरा खिल जाएगा। हर दिन सात्विक भोजन खाने से कब्ज दूर हो सकता है। आहार में सब्जी रोटी, दाल, फल और सलाद को शामिल करें। घर का बना शुद्ध खाना खाने से समस्या दूर हो जाएगी। आधा भोजन और आधा पानी का सेवन करें। शरीर को कम से कम 3 लीटर पानी की जरूरत होती है। यह कब्ज को तोड़ने में सहायक है।

**कब्ज को जड़ से खत्म करने के लिए क्या करें**
पराठे, पूड़ी, कचौड़ी जैसे पकवान सीधे सीधे कब्ज से जुड़े हैं। व्यक्ति श्रम नहीं करता, ऐसे में शरीर के अंगों में पॉवर नहीं रहता। इसके बजाय पपीता खाएं। सुबह वज्रासन में बैठकर गुनगुना पानी बिना कुल्ला किए पीना चाहिए। शौच से पहले ऐसा करना है। पानी की मात्रा 500 ग्राम या इससे ज्यादा हो सकती है इससे कम नहीं। थाली में थोड़ा खाना बच जाए, तो भरे पेट पर उसे खत्म करने के लिए खाना गलत है। थाली में उतना ही भोजन परोसें, जितना आप पचा सकते हैं। न पचने पर कब्ज होना स्वाभाविक है।

**ईसबगोल की भूसी ट्राय करें**
रोज शाम को गर्म पानी या दूध में एक चम्मच पिसी हुई हड़ और इसबगोल की भूसी महीनों या सालों तक ले सकते हैं। यह आपकी आंतों को परिपक्व्व कर देगी। फिर आपको कभी दवा की जरूरत नहीं पड़ेगी।



**हम सभी खुद पर गर्व कर सकते हैं**

रोहित शर्मा और उनकी टीम के साथ टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ का संदेश भी साझा किया। दिलीप ने कहा- जैसा कि राहुल भाई ने कहा, हम सभी खुद पर गर्व कर सकते हैं। मैं इस समूह के प्रत्येक खिलाड़ी की सराहना करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं जिन्होंने अभ्यास सत्र में प्रतिबद्धता जताई है। इसके बाद उन्होंने मैचों के साथ-साथ अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के इरादे और ऊर्जा की सराहना की। टी दिलीप ने विराट कोहली को टीम इंडिया के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का विजेता घोषित किया, इसके बाद रविंद्र जडेजा ने कोहली को मेडल प्रदान किया।

## जब आंसुओं में डूबा था देश तो कमरे के अंदर क्या कर रही थी टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। क्रिकेट का महाकुंभ खत्म हो चुका है। भारत की हार के साथ ही तमाम उम्मीदें टूट गईं। सपनें चूर-चूर हो गए। लगातार 10 मैच जीतकर रोहित सेना फाइनल में पहुंची थी। ऑस्ट्रेलिया ने उसे हराते हुए ऐसा दर्द दिया, जिससे फैंस को उबरने में शायद कई वर्ष लग जाएं। कुछ ऐसे ही हालात टीम इंडिया के साथ रहा होगा। भारतीय टीम जब विश्व कप 2023 के फाइनल को गंवाने के बाद ड्रेसिंग रूम पहुंची तो सन्नाटा था। कुछ चेहरे मिसिंग थे। हर बार की तरह इस बार भी ड्रेसिंग रूम में फील्डिंग के लिए मेडल सेरिमनी होनी थी, लेकिन किसी भी चेहरे पर हंसी नहीं थी। उदास चेहरे थे। हताश बॉडी लैंग्वेज के बीच एक आवाज आई। सांत्वना देने की। यह आवाज थी फील्डिंग कोच टीम दिलीप की। विराट कोहली, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रविंद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज... हर कोई उदास था। आगे बढ़ते हुए टीम इंडिया के फील्डिंग कोच टी दिलीप को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार के बाद मेन इन ब्लू में जोश भरते देखा जा सकता है। उन्होंने कहा- दोस्तों, मैं जानता हूं कि यह कठिन है और हम सभी को दर्द महसूस होता है, लेकिन यही है। हमने संभवतः सब कुछ सही किया और फिर भी परिणाम हमारे पक्ष में नहीं है।

# बतौर कोच यह सब देखना बेहद मुश्किल है

**क्रिकेट**

## फाइनल मैच गंवाने के बाद कोच राहुल द्रविड़ ने बयां किया ड्रेसिंग रूम का हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। वर्ल्ड कप जीतने का 12 साल का इंतजार अब और लंबा हो चला है। विश्व कप 2023 के फाइनल में रोहित की पलटन उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी। ऑस्ट्रेलिया ने टीम इंडिया को 6 विकेट से हराते हुए एकबार फिर आईसीसी ट्रॉफी जीतने का सपना साकार नहीं होने दिया। खिताबी मुकाबले में मिली हार के बाद हर भारतीय खिलाड़ी निराश और हताश नजर आया।

रोहित शर्मा की आंखों में आंसू थे, तो विराट कोहली खुद का चेहरा छुपा रहे थे। जसप्रीत बुमराह सिराज को गले लगाकर उनका गम करने का प्रयास कर रहे थे। हालांकि, भारतीय खिलाड़ियों का हाल मैदान से ज्यादा ड्रेसिंग रूम में बेहाल रहा, जिसकी कहानी हेड कोच



राहुल द्रविड़ ने बयां की है।

टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए बताया कि रोहित हार के बाद बेहद निराश थे। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर रोहित शर्मा निराश हैं और उनकी तरह ही ड्रेसिंग रूम में कई खिलाड़ी भी बेहद हताश हैं। ड्रेसिंग रूम में प्लेयर्स काफी भावुक थे। बतौर कोच यह सब देखना बेहद मुश्किल है, क्योंकि मुझे पता है कि इन खिलाड़ियों ने कितनी कड़ी मेहनत की और क्या-क्या त्याग किए।

द्रविड़ ने आगे कहा, मेरा मतलब है कि कोच के तौर पर यह सब देखना काफी मुश्किल है, क्योंकि आप इन लड़कों को निजी तौर पर जानते हैं। आपने देखा कि इन खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में कितनी कड़ी मेहनत की और किसी तरह से खुद को झोंका। हां, लेकिन यह स्पोर्ट्स है और ऐसा होता है। बेहतर टीम उस दिन जीतती है। मुझे उम्मीद है कि सूरज कल सुबह फिर से उदय होगा।

भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ औंधे मुंह गिरी। टीम के ना तो बल्लेबाज कुछ खास कमाल दिखा सके और ना ही गेंदबाज टीम की किस्मत को पलट सके। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की पूरी टीम 240 रन बनाकर ऑलआउट हुई। कंगारू टीम ने 241 रन के लक्ष्य को महज 43 ओवर में हासिल करते हुए वर्ल्ड कप के खिताब को छठी बार अपने नाम किया।

# भारत की सोच डरपोक थी और उसे अच्छी पिच तैयार कराना चाहिए थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में भारतीय टीम की शिकस्त पर निराशा जाहिर की, लेकिन उन्होंने साथ ही रोहित ब्रिगेड की दो खामियां उजागर की।

बता दें कि भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट की शिकस्त का सामना करना पड़ा था। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 50वें ओवर की आखिरी गेंद पर 240 रन बनाकर ऑलआउट हुई। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 43 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया।

**शोएब अख्तर ने भारत की हार पर निराशा व्यक्त करते हुए दो प्रमुख कमियां गिनाई**

शोएब अख्तर ने दावा किया कि भारतीय टीम काफी डरपोक थी और इसलिए उन्होंने निर्णायक मैच के लिए तेज और उछाल वाली पिच तैयार नहीं की। शोएब अख्तर ने अपने यूट्यूब चैनल पर भारतीय टीम के बारे में प्रतिक्रिया दी

भारत भाग्य के सहारे फाइनल में नहीं पहुंचा। वो शानदार खेल के दम पर फाइनल में पहुंचा था। हालांकि, मैच के लिए उपयोग हुई पिच से मैं निराश हूं। मुझे लगता है कि भारत को बेहतर पिच तैयार करना चाहिए थी और डरपोक सोच के साथ नहीं खेलना चाहिए था। अगर पिच पर अधिक उछाल और गति होती तो टॉस इतनी बड़ी भूमिका नहीं निभाता।

भारतीय टीम को फाइनल में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रण मिला। केएल राहुल (66) और विराट कोहली (54) के अर्धशतकों की मदद से भारतीय टीम ने 240 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने तेजतर्रार 47 रन बनाए। भारत का वर्ल्ड कप 2023 अभियान निराशाजनक रहा क्योंकि उसे 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी। मैं भारत को वर्ल्ड कप फाइनल खेलने पर शुभकामनाएं देता हूं। यह उपलब्धि हासिल करना आसान नहीं है। वो यहां अन्य टीमों को मात देकर पहुंचे हैं। दुर्भाग्यवश, वो इस तरह के मैचों में हमेशा पीछे रह जाते है। पिछले 12 सालों में हमने देखा कि वो करीब आकर चूक जाते हैं। भारतीय टीम को भाग्य का साथ नहीं मिलता है।

## वो अभी भी मेरे... आनंद महिंद्रा ने दिया हौसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम को वर्ल्ड कप 2023 के मुकाबले में हार मिली। ऑस्ट्रेलिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेले गए खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम को 6 विकेट से हराया। हार के बाद खिलाड़ियों के साथ ही पूरा देश गम में है। भारत की हार के बाद बिजनेसमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खिलाड़ियों और फैंस का हौसला बढ़ाया है। उन्होंने दो फोटो शेयर की। एक में निराश मोहम्मद सिराज को जसप्रीत बुमराह लगे लगा रहे हैं। दूसरे में उन्होंने एक ग्राफिक्स शेयर की। इसमें दिखाया गया है कि भारतीय टीम के कौन से खिलाड़ी किस राज्य से हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, इससे पता चलता है कि हम क्यों नहीं हारे। टीमों के लिए एक साथ जश्न मनाना आसान है। एक-दूसरे को सपोर्ट करना और उनके दर्द को शेयर करना मुश्किल है। मेन इन ब्लू देश भर से और अलग-अलग बैकग्राउंड से आए हैं। लेकिन उन्होंने एक परिवार के रूप में खेला और हमारा दिल जीत लिया। वो अभी भी मेरे मंडे मोटिवेशन हैं।

## न्यूज डायरी



### टीम इंडिया की हार के बाद रिकी पोंटिंग ने विकेट को लेकर मारा ताना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। भारतीय टीम नरेंद्र मोदी स्टेडियम की धीमी पिच पर वर्ल्ड कप 2023 का फाइनल हार गई। मैच से पहले पिच को लेकर काफी चर्चा थी। हर कोई पिच को लेकर ही बात कर रहा था। अब भारत की हार के बाद भी पिच को लेकर चर्चा हो रही है। भारत की हार के बाद कमेंट्री में बात कर रहे रिकी पोंटिंग ने कहा- आज यह काफी ज्यादा सब कॉन्टिनेंट जैसी कंडीशन थी। साफ साफ बोलूं तो विकेट जो बनाया गया था वह शायद भारत पर बैकफायर कर गई। क्रिकेट इतिहास के सबसे सफल कप्तानों में गिने जाने वाले रिकी पोंटिंग ने बताया कि पिच को लेकर ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ी परेशान थे। रिकी पोंटिंग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के कुछ खिलाड़ी इस पिच को लेकर चिंतित थे। लेकिन मैंने उनसे कहा कि पिच के बारे में चिंता मत करो। यह एक क्रिकेट पिच है, यह 22 गज लंबी है और बस वहां जाएं और अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलें और उन्होंने आज ऐसा किया है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है कि पिच की वजह से ही ऑस्ट्रेलिया टीम को भारत पर हावी होने का मौका मिल गया। उन्होंने स्काई स्पोर्ट्स से कहा- भारत अभी भी मजबूत टीम है लेकिन पिच ने ऑस्ट्रेलिया को मौका दे दिया। भारत के चार गेंदबाजों का अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाना उन्हें परेशान कर गया। इसलिए राहुल और कोहली ज्यादा रिस्क नहीं कर सके। वे आठवें नंबर पर शमी को लेकर चिंतित थे।

### पति को रोते देख भारतीय क्रिकेटरों की पत्नियों की आंखों से छलके आंसू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। विश्व कप 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम ने फैंस को खुश होने के लिए कई बेहतरीन मौके दिए। टूर्नामेंट में टीम इंडिया ने लगातार 10 मैचों जीत हासिल करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई थी, लेकिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 140 करोड़ भारतवासियों का दिल तोड़ दिया। वनडे विश्व कप के फाइनल मुकाबले में भारत को 6 विकेट से करारी का हार का सामना करना पड़ा। एक झटके में टीम इंडिया का लगातार मैचों में चल रहे जीत का सिलसिला थम सा गया। इस दिल तोड़ देने वाली हार के बाद भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के आंखों में आंसू छलक गए। भारी मन से रोहित शर्मा ड्रेसिंग रूम की तरफ लौटे। मोहम्मद सिराज को जसप्रीत बुमराह ने संभाला तो विराट कोहली को उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने गले लगाकर हिम्मत दी। इस दौरान भारतीय क्रिकेटरों के आंखों में आंसू देख उनकी पत्नियां भी उदास होकर भावुक हो गईं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस फाइनल मुकाबले में अनुष्का शर्मा, रोहित की पत्नी रितिका सजदेह, रविंद्र जडेजा की पत्नी रिवावा और केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी भी स्टेडियम पहुंची थी, भारत को मिली इस हार के बाद उन सभी का चेहरा उतरा हुआ गया।

### सिर उठाकर रखो..आगे बढ़ें और अगले के लिए आगे बढ़ें: युवराज सिंह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम को वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद ही भारत का तीसरी बार विश्व कप जीतने का सपना चकनाचूर हो गया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने छठी बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल मैच में पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम 50 ओवर के खेल में 240 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर ये लक्ष्य हासिल किया। भारत की हार के बाद सभी फैंस का दिल टूट गया। कुछ फैंस जहां भारतीय खिलाड़ियों को कोस रहे है तो कुछ फैंस उनका हौसला अफजाई कर रहे हैं। इस कड़ी में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने भी भारतीय प्लेयर्स को लेकर एक बड़ा बयान दिया। दरअसल, युवराज सिंह ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक ट्वीट शेयर किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि विश्वकप अभियान के दौरान इस शानदार जर्नी के लिए आपको बधाई। भले ही फाइनल मैच हमारे पक्ष में नहीं रहा हो, लेकिन आपने कई ऐसे मोमेंट्स बनाए जो हमेशा याद रखा जाएगा और हमें गौरवान्वित किया। एक टीम के रूप में आपने जो हासिल किया उससे आपने पूरे देश को एक साथ ला दिया। आगे बढ़ें और अगले के लिए आगे बढ़ें। इसके साथ ही युवराज ने ऑस्ट्रेलियाई टीम को विश्व कप 2023 जीतने पर बधाई दी।

मतदाता जागरूकता वाहन को झण्डी दिखाकर रवाना करते हुई डीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन

**संवाददाता** देहरादून। जिला क्रीड़ अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला खेल कार्यालय, उधमसिंहन नगर द्वारा 26 से 28 नवम्बर, 2023 तक अनुसूचित जाति के ओपन बालकों की राज्य आमंत्रण एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन रूद्रपुर, उधमसिंह नगर में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में जनपद देहरादून की टीम के प्रतिभाग करने हेतु जनपद स्तरीय चयन ट्रायल 22 नवम्बर, 2023 को प्रातः 10:00 बजे से परेड ग्राउन्ड, देहरादून में आयोजित किया जायेगा। जनपद स्तरीय चयन ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को अपने आधार कार्ड, स्थाई निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा 01 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ लाना अनिवार्य है।

### कर्मचारियों ने केंद्र की तरह मांगी हवाई यात्रा की सुविधा

**संवाददाता** देहरादून। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने सरकारी कार्यों के लिए केंद्र सरकार की तरह कर्मचारियों को हवाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 5400 ग्रेड पे वाले कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ देने पर जोर दिया। इस मांग समेत अन्य कई मांगों के निस्तारण को परिषद की मंगलवार को अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन से मंगलवार को वार्ता होगी। परिषद अध्यक्ष अरुण पांडे ने बताया कि सरकारी कार्यों के लिए केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को हवाई यात्रा की सुविधा देता है। इसे राज्य में भी लागू किया जाए।

### छावनी कार्यालय में युवाओं की 700 घंटे की कंप्यूटर ट्रेनिंग शुरू

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत छावनी परिषद गढ़ी की ओर से 30 युवाओं को निशुल्क कंप्यूटर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर की कुल अवधि 700 घंटे रखी गई है। छावनी बोर्ड इस तरह कुल चार बैच में 120 युवाओं को प्रशिक्षण देने की तैयारी कर रहा है। छावनी बोर्ड के सीईओ अभिनव सिंह ने बताया कि पीएमकेवीवाई योजना 4.0 के तहत उनके यहां पहला बैच सोमवार से शुरू किया गया है।

### मिनिस्टीरियल कर्मचारियों ने पदोन्नति में शिथिलता को तेज किया दबाव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराचंल फैडरेशन ऑफ मिनिस्टीरियल सर्विसेस एसोसिएशन ने गेट मीटिंग के जरिए विरोध जारी रखा। सोमवार को कर्मचारियों ने पशुपालन निदेशालय और श्रम विभाग में गेट मीटिंग कर विरोध जताया। पशुपालन निदेशालय में जुटे कर्मचारियों शासन पर कर्मचारी मांगों की अनदेखी का आरोप लगाया। अध्यक्ष पूर्णानंद नौटियाल ने कहा कि 16 नवंबर से आंदोलन शुरू कर दिया गया है।

## फंसे श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत

**रेस्क्यू**

■ प्रधानमंत्री ने फोन पर मुख्यमंत्री से टनल में फँसे श्रमिकों के बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली, भेजा संदेश

■ लगातार स्थिति पर बनाये हुए है नजर: मुख्यमंत्री

**संवाददाता**

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन कर उत्तरकाशी के सिल्क्यारा के पास टनल में फँसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिए जारी राहत और बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आवश्यक बचाव उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। केंद्र और राज्य की एजेंसियों के परस्पर समन्वय से श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। फंसे श्रमिकों का मनोबल बनाए रखने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य और केंद्रीय एजेंसियां परस्पर समन्वय और तत्परता के साथ राहत और बचाव कार्य में जुटी हैं। टनल में फंसे श्रमिक सुरक्षित हैं और ऑक्सीजन, पौष्टिक भोजन और पानी



उपलब्ध करवाया जा रहा है। राहत और बचाव कार्यों के लिए एक्सपर्ट्स की राय लेकर एजेंसियां काम कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया और बचाव कार्यों पर लगातार नजर रखें हैं। मेडिकल की टीम भी वहाँ पर तैनात कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरंग के अंदर फंसे सभी मजदूर सुरक्षित हैं और उन्हें जल्द बाहर निकलने की पूरी कोशिश की जा रही है। अब तक प्रधानमंत्री तीन बार मुख्यमंत्री से स्थिति की जानकारी ले चुके हैं। पीएमओ की टीम भी मौके का निरीक्षण कर चुकी और लगातार स्थिति पर नजर बनाये हुए है और समन्वय का कार्य कर रही है।

**निरीक्षण करने पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स**

अंतर्राष्ट्रीय टनलिंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स भी आज उत्तरकाशी पहुंचे। उन्होंने यहां निरीक्षण करने के बाद कहा कि हम श्रमिकों को बाहर निकालने ने की कोशिश में जुटे हैं। कहा कि मेरे साथ हिमालय भूविज्ञान के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ हैं। हमें तुलना करने की आवश्यकता है। हमने यहां सुरंग के ऊपर जो देखा है और जो हम जानते हैं कि सुरंग के अंदर क्या हो रहा है। हम उन 41 लोगों को बचा रहे हैं और ऐसा करते समय हम किसी को भी चोट नहीं पहुंचने देंगे। यह किसी भी जटिल काम की तरह है। जहां हमें चारों ओर ऊपर से नीचे तक देखना होता है। यहां की टीम बचाव पर इतना ध्यान केंद्रित कर रही है और इतना ध्यान केंद्रित कर रही है कि किसी और को चोट न पहुंचे। फिलहाल, यह सकारात्मक दिख रहा है। हम सभी एक टीम हैं। टनल के ऊपर 320 मीटर दूरी पर टीम ने ड्रिल के लिए स्थान चुना है। यहां से 89 मीटर गहराई तक ड्रिल होगी।

उत्तराखंड सरकार के केंद्रीय संगठनों से रेस्क्यू अभियान में समन्वय के नोडल अधिकारी और सचिव डॉ. नीरज खैरवाल, एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद, निदेशक अंशु मनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने टनल विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स के साथ विचार विमर्श कर रेस्क्यू अभियान की रणनीति पर चर्चा की।

### राहत और बचाव अभियान का जायजा लिया

सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सुरक्षित निकालने के लिये चलाये जा रहे रेस्क्यू अभियान में केंद्रीय संगठनों से समन्वय बनाने के लिए उत्तराखंड सरकार की तरफ से नियुक्त नोडल अधिकारी डॉ. नीरज खैरवाल ने सोमवार को सिलक्यारा पहुंचकर राहत और बचाव अभियान का जायजा लिया। श्री खैरवाल अभी एनएचएआईडीसीएल के एमडी महमूद अहमद, निदेशक अंशु मनीष खलखो, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला और रेस्क्यू अभियान में जुटे विभिन्न केंद्रीय संगठनों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं।

## शिकायतों की जांच में समय लगने पर शिकायतकर्ताओं को करें सूचित

**जनसुनवाई**

■डीएम की अध्यक्षता में किया गया जनसुनवाई का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में सोमवार को 73 शिकायतें प्राप्त हुई। अधिकतर शिकायतें भूमि से सम्बन्धित प्राप्त हुई, इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों, समाज कल्याण से सम्बन्धित पेंशन, स्ट्रीटलाईट लगवाने, विद्युत कनैक्शन, आपदा के कार्यों में गड़बड़ी, आपसी विवाद आदि शिकायतें प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करवाना सुनिश्चित करें तथा जिन शिकायतों की जांच में समय लग रहा है से भी शिकायतकर्ताओं को सूचित कर दिया जाए, ताकि जनमानस को अनावश्यक न भटकना पड़े। जिलाधिकारी ने विकासनगर क्षेत्र में स्वामित्व योजना अन्तर्गत अलग खसरा नम्बर बनाने पर मुख्य स्वामी की भूमि किसी अन्य के नाम दर्शाइ जाने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ही यदि त्रुटिवश ऐसा हुआ है संशोधन हेतु शासन को अनुरोध पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार एक महिला शिकायकर्ता द्वारा शिकायत की गई कि भूमि का अनुबन्ध के उपरान्त सम्बन्धित द्वारा भूमि पर मकान बना लिया है तथा भुगतान नही किया गया, जिस पर जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक क्राइम को कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्टाम्प चोरी की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को जांच करने तथा एआईजी स्टाम्पक को कार्यवाही के निर्देश दिए। भण्डारी बाग में सड़क के अतिक्रमण कर निर्माण के शिकायतों पर एमडीडीए, नगर निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए। चकराता क्षेत्र में आपदा सम्बन्धी कार्यों में गड़बड़ी की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को कार्यवाही के निर्देश दिए।

### मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**संवाददाता** देहरादून। जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा सोमवार को जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट से स्वीप के कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता वाहन को हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। इस वाहन के माध्यम से जनपद कि विभिन्न विधानसभाओं में भ्रमण कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मतदाताओं निर्वाचक नामावाली में जोड़ने, संशोधन, नाम हटाने तथा लोकतंत्र में मतदाताओं की भागीदारी के सम्बन्ध प्रचार–प्रसार किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त वोटर्स से अनुरोध किया है कि वे अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराएं, तथा यदि किसी प्रकार संशोधन, नाम जोड़ना, नाम हटाने लिए बूथ पर जाकर कर सकते है। उन्होंने विशेषकर 18 से 19 वर्ष के भावी मतदाताओं से अपील है कि वे अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराते हुए लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाएं।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।